हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–207 : जौनपुर, गुरुवार 20 अप्रैल 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## छोटे दल भी आजमाते हैं दांव : पर जमा नहीं पाते पांव : देखें 2017 का प्रदर्शन

लखनऊ ब्यूरो : लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तरह छोटे दलों ने पिछले नगर निकाय चुनाव में भी उम्मीदवार उतारे थे, पर कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। ऐसे तमाम छोटे दल हैं, जिनके उम्मीदवार जमानत तक नहीं बचा पाए थे। इनसे बेहतर प्रदर्शन तो निर्दल उम्मीदवारों का रहा। इस बार के चुनाव में कई छोटे दल नई ताकत से फिर से मैदान में हैं। वर्ष 2017 में हुए निकाय चुनाव में करीब आधा दर्जन छोटे दलों ने अपने सिंबल पर चुनाव मैदान में प्रत्याशी उतारे थे लेकिन एक भी सीट पर उनका खाता नहीं खुल पाया। निकाय चुनाव में महापौर और अध्यक्ष की एक भी सीट पर चुनाव नहीं जीते थे। अलबत्ता नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में पार्षद के एक या अधिकतम दो सीटें ही जीत पाए थे। जबकि निर्दलीयों ने नगर निगम में पार्षद के 225 सीटें जीती थीं। इसी प्रकार नगर पालिका परिषदों में अध्यक्ष के 43 और पार्षद के 3379 सीटों के अलावा नगर पंचायतों में अध्यक्ष के 182 और सदस्य के 3,876 सीटों पर निर्दलीयों ने कब्जा किया था। निकाय चुनाव लड़ने वाले सभी छोटे दलों की जमानत जब्त हो गई थी। कांग्रेस जैसे कई बड़े दल भी नहीं दिखा पाए थे करिश्मा पिछले निकाय चुनाव में छोटे दल ही नहीं, कई बड़े दल भी कोई खास उपलब्धि नहीं हासिल कर पाए थे। कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दल ने महापौर के चुनाव में मात्र 8.46 प्रतिशत, पालिका परिषद में 4.55 और




पंचायतों में 3.88 प्रतिशत वोट हासिल किया था। यही स्थिति आम आदमी पाटी की भी रही। आप को नगर निगम में 0.03, पालिका परिषद में 0.13 और पंचायतों में 0.11 प्रतिशत ही वोट मिले थे। हालांकि बसपा ने नगर निगम में महापौर के दो सीटों पर कब्जा जरूर किया था लेकिन वोट प्रतिशत के लिहाज इसका प्रदर्शन भी उल्लेखनीय नहीं रहा। बसपा को मात्र 12.05 प्रतिशत ही वोट मिले थे। इनके अलावा भाकपा (मार्क्सवादी) को 0.02 प्रतिशत और ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन को 0.29 प्रतिशत वोट मिले थे।

## कैंट से फर्जी मेजर अरेस्ट : सेना के जवान मारते थे सैल्यूट : मंत्री विधायक के साथ भी आरोपी का फोटो

मेरठ ब्यूरो : आर्मी इंटेलीजेंस और लालकुर्ती पुलिस ने कैंट से आर्मी का फर्जी मेजर गिरफ्तार किया है। आरोपी करीब पांच लोगों से नौकरी लगवाने के नाम पर 30 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी कर चुका है। लालकुर्ती थाने में आर्मी इंटेलीजेंस की टीम पहुंची और पूछताछ की। आरोपी के कब्जे से आर्मी की वर्दी और आईकार्ड भी बरामद किए गए हैं। हरियाणा सरकार के कई विधायक और मंत्री के साथ फोटो भी आरोपी की मिली है। कई दिन से आर्मी इंटेलीजेंस और लालकुर्ती पुलिस को सूचना मिल रही थी कि गणेश भट्ट (27) पुत्र जगदीश भट्ट निवासी अब्दुल्लापुर पिनजोर मच्छी वाली गली पंचकुला हरियाणा लोगों से आर्मी में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी कर रहा है। इसके साथ ही कैंट क्षेत्र में घूमकर आर्मी के जवानों पर रौब गालिब कर रहा है। प्लानिंग के तहत गणेश भट्ट को बुधवार को सप्लाई डिपो के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि आरोपी के पास से आर्मी की वर्दी और आईकार्ड मिले हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 का मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी कई दिन से सैन्य क्षेत्र में घूम रहा था, कहीं उसने कोई गोपनीय जानकारी तो नहीं जुटा ली। इसके बारे में जांच पड़ताल की जा रही है। आर्मी की टीम पूछताछ करने में जुटी है। एसओ लालकुर्ती नरेश कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। लालकुर्ती एसओ नरेश कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। उसने किन–किन लोगों को ठगा है, उसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। हरियाणा के विधायक और मंत्री के साथ है आरोपी के कई फोटो लालकुर्ती पुलिस ने बताया कि आरोपी का मोबाइल फोन चेक किया गया तो उसके हरियाणा सरकार के कई विधायक और मंत्री के साथ फोटो भी है। उसका नेताओं से क्या संपर्क है, उसके बारे में भी जानकारी की जा रही है। सेना के जवान मारते थे सैल्यूट फर्जी मेजर बनकर आरोपी सेना के जवानों पर कई जगह रौब गालिब करता था। पुलिस को उसके कई ऐसे फोटो मिले हैं कि सेना के जवान आरोपी को सैल्यूट मारा करते हैं। पुलिस भी सैल्यूट के फोटो देखकर हैरान रह गई है। मेजर रैंक का फर्जी अधिकारी गिरफ्तार किया गया है। लालकुर्ती पुलिस को मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। – रोहित सिंह, सजवाण एसएसपी

## पार्टी से प्रत्याशियों की नाराजगी बिगाड़ रहा चुनावी समीकरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर नगर पंचायत में सपा व भाजपा तथा बसपा से बागी उम्मीदवारों के चुनावी मैदान में आ जाने से पार्टी स्तर का चुनावी समीकरण बिगड़ चुका है। पार्टी से टिकट न मिलने के कारण कार्यकर्ताओं में खासा नाराजगी है। ऐसे लोगों ने पार्टी को सबक सिखाने के लिए नामांकन पत्र भी दाखिल कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने सीमा सिंह पत्नी विजय सिंह पर भरोसा जताया है । भारतीय जनता पार्टी के बदलापुर मंडल के महामंत्री सत्यम सिंह ने भी अपनी पत्नी के लिए टिकट की मांग किया था। किंतु भारतीय जनता पार्टी ने उन पर भरोसा नहीं किया। परिणाम स्वरूप उन्होंने टिकट न मिलने के कारण नाराज होकर अपनी पत्नी स्मिता सिंह को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया है। नगर पंचायत के मतदाताओं ने वर्ष 2017 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की अमरदेयी को अपना चेयरमैन बनाया था। इस बार भी उन्होंने प्रत्याशी के लिए आवेदन किया था किंतु उन पर पार्टी ने भरोसा नहीं जताया। इससे नाराज होकर उन्होंने भी समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार विमला पत्नी श्रीकांत यादव के विरोध में नामांकन पत्र दाखिल करते हुए चुनावी समर में जुट गई हैं। बसपा में भी अंतर कलह का घमासान बना हुआ है । वर्ष 2017 के चुनाव में बसपा प्रत्याशी मालती देवी पत्नी सुरेश चंद पासी को मात्र 43 मत से हार का सामना करना पड़ा था । हार के बाद से ही सुरेश पासी वर्ष 2022 का चुनाव जीतने के लिए उसी समय से प्रयास में लगे रहे। किंतु इस चुनाव में पार्टी ने उन पर भरोसा ही नहीं जताया। बहुजन समाज पार्टी द्वारा मुक्ता जायसवाल को पार्टी प्रत्याशी बनाए जाते ही पार्टी में अंदरूनी कलह शुरू हो गया। सुरेश पासी ने भी अपनी पत्नी मालती देवी को नामांकन पत्र दाखिल कराने के बाद चुनावी मैदान में डट गए हैं। बहुजन समाज पार्टी के पुराने कार्यकर्ता दुर्गा प्रसाद साहू को भी पार्टी ने दरकिनार कर दिया। उन्होंने अपनी पत्नी शिवपत्ती के लिए टिकट की मांग किया था। टिकट न मिलने के कारण दुर्गा प्रसाद भी बागी होकर अपनी पत्नी का नामांकन पत्र दाखिल कराया है। वह भी चुनावी प्रचार में जुट गए हैं। स्वयं को बसपा का पुराना कार्यकर्ता बताते हुए मतदाताओं के बीच अपनी पीड़ा बयां कर रहे हैं। चुनावी समीकरण को लेकर मतदाताओं के बीच चट्टी चौराहों पर चर्चा बना हुआ है। बसपा सपा तथा भाजपा के अंतर कलह की चर्चा के साथ ही अन्य प्रत्याशियों की भी चर्चा बनी हुई है। प्रत्याशियों के संपर्क के दौरान मतदाता होशियारी से बात कर रहे हैं। जिस किसी भी पार्टी का अथवा निर्दलीय प्रत्याशी जैसे ही मतदाताओं से संपर्क बनाते और हाथ जोड़कर वोट मांगते हैं तो मतदाता तपाक से पूरे परिवार के साथ उन्हीं को वोट देने की बात कर रहा है।

## प्रदेश के कॉलेज में संचालित होंगे संस्कृति क्लब

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष के साक्षात्कार में विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। आर.जे. समरीन से वार्ता में मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अब प्रदेश में विभिन्न कॉलेज में संस्कृति क्लब बनेंगे जहाँ पंजीकृत कलाकारों को प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लोक कला और जनजाति हमारी धरोहर है और उनको सुरक्षित रखना हमारा दायित्व है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग प्रदेश के आदिवासी कलाओं को संरक्षित और प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इस दिशा में प्रदेश भर में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है और इसके साथ ही कलाकार भी आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। कलाकारों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। कलाओं के विकास के लिए उत्तर प्रदेश में अपनी तरह का पहला भातखंडे संस्कृति विश्वविदालय भी विकसित किया गया है। कलाकारों की शिक्षा दीक्षा के प्रति भी उत्तर प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। प्रदेश के कलाकारों को आर्थिक लाभ देने के लिए सरकार द्वारा कलाकार पेंशन योजना भी संचालित की जा रही है। कलाकारों का ऑनलाइन पंजीकरण भी किया जा रहा है। अब हर कलाकार को साल में तीन बार परफॉर्म करने का मौका मिलेगा। कलाकारों को ए, बी और सी श्रेणी के अनुसार मानदेय दिया जायेगा। कलाकारों को पचास प्रतिशत मानदेय कार्यक्रम से पहले और बाकी पैसा कार्यक्रम के बाद उनके अकाउंट में जायेगा। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उनका लक्ष्य भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देते हुए विकास करना है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए कानून व्यवस्था का होना बहुत जरूरी



है। इस दिशा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराधियों के लिए जीरो टोलरेंस की नीति को जिस भेदभाव रहित सख्ती के साथ पालन करवाया है उससे पर्यटन के क्षेत्र में भी लाभ मिला है। उसी का परिणाम है कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में पैतींस लाख करोड़ के इन्वेस्टमेंट के प्रस्ताव उत्तर प्रदेश को प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही काशी कोरिडोर के बनने से लोगों की आय में गुणात्मक वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ कम इन्वेस्टमेंट में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। उनके अनुसार वर्तमान में काशी में आज हर जगह से पर्यटक आ रहे हैं। ऐसे में काशी पर्यटन की दृष्टि से अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र बन गया है। इसी तरह उत्तर प्रदेश के अन्य धार्मिक और पर्यटक स्थलों के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में तेजी आई है। पर्यटन की दृष्टि से सड़क मार्ग बेहतर हुए हैं। उत्तर प्रदेश वर्तमान में एक्सप्रेसवे का प्रदेश बन गया है। इससे समय की भी बचत हो रही है। इस साक्षात्कार को लिंक https%//www.youtube.com/watch?v=3THNLQaPWkQ पर सुना जा सकता है। इस अवसर पर रेडियो जयघोष के कोऑर्डिनेटर दुर्गेश पाठक, रेडियो प्रस्तोता राधेश्याम दीक्षित उपस्थित रहे।

## पीयू सर्वे टीम के विद्यार्थियों को कुलपति ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा गुरुवार को शीतला मां चौकियाँ धाम में सर्वे किया गया। इस सर्वे को जिला प्रशासन के प्रोजेक्ट पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के निर्देश पर किया जा रहा है। सर्वे में विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने एक प्रश्न सूची तैयार कर यह जानने का प्रयास किया कि कौन से उत्पाद यहाँ पर विक्रय किये जाते हैं? कौन कौन से उत्पाद यहाँ बनाये जाते हैं? और कौन कौन से उत्पाद बाहर से लाकर बेचे जाते हैं? इस सर्वे के द्वारा जिला प्रशासन की यह मंशा है कि जो उत्पाद बाहर से लाकर बेचे जा रहें हैं उनका भी निर्माण यहीं किया जा सके। इससे लाभ यह होगा कि यहाँ के लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और उत्पाद भी कम कीमतों पर दुकानदारों को प्राप्त हो सके। इस सर्वे नोडल अधिकारी डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव एवं डॉ विनय वर्मा के देखरेख में किया गया। इसके पूर्व



विश्वविद्यालय से रवाना होने पर सर्वे टीम को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य और कुलसचिव महेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर संस्कार श्रीवास्तव, हेदायत फातमा, रितिक पांडे, शशांक, आराधना, प्रीति, किशन जायसवाल, आलोक मौर्य, अमित पटेल, आनंद राज बिंद, प्रज्ञेश् सेठ, अभय चंद्र, राज अग्रहरि, प्रिया आदि मौजूद रहें।

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक नें शाही ईदगाह एवं शिया जामा मस्जिद का किया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : ईद एवं अलविदा जुमा के मौके पर जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से गुरुवार को जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा और पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजयपाल शर्मा ने संयुक्त रूप से शाही ईदगाह एवं शिया जामा मस्जिद का निरीक्षण किया और धर्मगुरुओं से बातचीत की। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि नगर में साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए ईद के अवसर पर नमाज अदायगी के लिए की जाने वाली व्यवस्था की जानकारी ली और सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि ईदगाह पर साफ–सफाई, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। सुरक्षा की दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त



एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट देवेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी शहर कुलदीप गुप्ता, सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।


## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक


## डीडीयू के कुलपति को मिली धमकी : भिजवाई तहरीर

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : डीडीयू के कुलपति प्रो. राजेश सिंह को बुधवार की रात में करीब सवा 9 बजे फोन पर धमकी मिली है। इस सम्बंध में डीडीयू प्रशासन ने कैंट थाने को तहरीर दी है। डीडीयू के मुख्य नियंता प्रो. गोपाल प्रसाद द्वारा भिजवाई गई तहरीर के मुताबिक कुलपति को रात्रि में 1 व्यक्ति ने फोन किया। उसकी एजेंसी का पूर्व में विश्वविद्यालय से अनुबंध था। उसका अनुबंध पूर्व में ही समाप्त हो गया है। उसने दो अलग–अगल मोबाइल नंबरों से फोन कर कुलपति को धमकी दी। इससे कुलपति को जान का खतरा है। नियंता ने पादरी बाजार के फातिमा रोड स्थित सम्बंधित फर्म के संचालक पर केस दर्ज कर कार्यवाही की मांग हैं। नियंता प्रो. गोपाल प्रसाद ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कैंट पुलिस को तहरीर दी गई हैं। इस संबंध में एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## ''गोवर्धन गिरिराज की पूजा प्रकृति का सम्मान''–आचार्य अरविन्द जी महाराज

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ठाकुरगंज में ठाकुरगंज 'भगवान श्री परशुराम जी जन्मोत्सव' के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत् ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस सर्वप्रथम 'पूतना उद्धार' पर प्रकाश डालते हुए आचार्य अरविन्द जी महाराज ने कहा कि वास्तव में 'पूतना' मन की दुरासा



है। मन की बुरी इच्छा को मारे बिना कृष्ण के चरित्र में प्रवेश करना एवं उसके अभिप्राय को समझना कठिन है। वात्सल्य भाव की भक्ति को प्राप्त करने का सरल और सहज उपाय है कि भगवान की बाल लीलाओं में जीव को रूचि होनी चाहिए। भगवत कथान्तर्गत भगवान की मिट्टी खाने का प्रसंग– तत्व को स्वीकार करने तथा अपनी माँ यशोदा को अपने ऐश्वर्य को प्रदर्शित करने की व्याख्या करता है ताकि उन्हें कोई भ्रम न रहे। ऊखल बन्धन प्रसंग के द्वारा यह प्रदर्शित किया गया है कि जब जीव, मन वाणी और कर्म से भगवान के प्रति समर्पित हो जाए तभी भगवान उसके पास स्वयं चलकर आते हैं। कालिय नाग प्रसंग के द्वारा विकारों की निवृत्ति के बिना जीव परमात्म तत्व को प्राप्त नहीं कर सकता– इस सिद्धान्त को निरूपित किया गया है। साथ ही साथ जल को विशुद्ध करने तथा पीने योग्य बनाने का तात्विक चिंतन भी इस प्रसंग में है। यह लोकहित से जुड़ा प्रसंग है। कात्यायनी माँ के पूजन के द्वारा शक्ति की उपासना पर बल दिया गया है। जीव जब वासना के वस्त्रों से अपने को अलग कर लेता है तब वह परमात्मा को प्राप्त कर पाता है। गोवर्धन गिरिराज की पूजा का प्रसंग सुनाते हुए आचार्य जी ने कहा कि प्रकृति का सम्मान प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। प्रकृति की उपासना कर मानव जीवन पर बड़ा व्यापक प्रभाव पड़ता है। इसी कारण कृष्ण ने गोवर्धन गिरिराज की पूजा बृजवासियों से करवाई। प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन मानव के अस्तित्व के लिए आवश्यक है– यह इस प्रसंग में बताया गया है। आज की कथा सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग पधारे तथा मुख्य रूप से नि0 पार्षद अनुराग पाण्डेय तथा लालजी प्रसाद पाण्डेय, तेज नारायण पाण्डेय, अमिताभ पाण्डेय, दीपू शुक्ला, सुनीता पाण्डेय, रंजना द्विवेदी, अंशू मिश्रा, शक्ति बाजपेयी, कमलेश मिश्रा, सुमित दीक्षित, कृष्णा शर्मा, महेन्द्र द्विवेदी, अम्बरीश वर्मा, संतोष शुक्ला, सरला, मृदुल पाण्डेय, जितेन्द्र शर्मा, विजय कुमार मिश्रा, सतेन्द्र अवस्थी, अभिरूचि बाजपेयी, रागिनी दुबे, पूनम तिवारी, गोपाल नारायण शुक्ला, गणेश दत्त शुक्ला, राज किशोर तिवारी, सतीश कुमार दीक्षित, संतोष कुमार द्विवेदी, शेष कुमार मिश्रा, मूलचन्द्र मिश्रा, राघवेन्द्र अवस्थी, सनी साहू, राहुल पाण्डेय, टिंकू ठाकुर, अजीत पाण्डेय, पूनम सिंह, पंकज शुक्ला, शर्मीला पाण्डेय, वैष्णवी, सर्लेश मिश्रा, संजय शुक्ला, वन्दना विशेष, पी0एस0 तिवारी, अवध प्रकाश शुक्ला, अभय तिवारी, पुलकित शुक्ला, जितेन्द्र द्विवेदी, विशाल सोनकर, रजत तिवारी, अंकित गुप्ता, मंजरी शुक्ला, वीरेन्द्र शुक्ला, मिथलेश तिवारी, अमिता शर्मा, प्रियंका अवस्थी, आभा शुक्ला, ममता शुक्ला, वन्दना अवस्थी, प्रेम सागर तिवारी, दीपक त्रिपाठी, अमरेन्द्र पाण्डेय, जयवीर यादव, आरती शुक्ला, हिमांशु गर्ग, संदीप अवस्थी, सुरेन्द्र शुक्ला, दीपू शुक्ला, गुड्डू पाण्डेय, अवधा प्रकाश शुक्ला, राधेश्याम अग्निहोत्री, राकेश मिश्रा, अरूण शुक्ला, आदित्य कुमार शुक्ल, आदित्य शुक्ला, आर0के0 मिश्र सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# राम पथ भक्ति पथ जन्म भूमि पथ के चौड़ीकरण कार्यो के प्रगति का किया गया समीक्षा बैठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में श्री राम जन्मभूमि मंदिर को जोड़ने वाले प्रमुख संपर्क मार्गो/ पथों यथा राम पथ भक्ति पथ जन्म भूमि पथ के चौड़ीकरण के कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आहूत की गई।जिसमें जिलाधिकारी श्री नीतीश कुमार नगर आयुक्त श्री विशाल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने सर्वप्रथम निर्माणाधीन रामपथ की अद्यतन स्थिति व्हाट्सएप ग्रुप में नियमित अपडेट ना किए जाने पर पीडब्ल्यूडी विभाग के संबंधित अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की तथा रोजाना ग्रुप में कार्यों की प्रगति एवं निरीक्षण की स्थिति को अपडेट करते रहने के निर्देश दिए।इसके अलावा उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग के कार्यशैली पर भी नाराजगी व्यक्त की। मंडलायुक्त ने सभी पथो पर निर्माण कार्य के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जी0 एम0 लोक निर्माण विभाग सहित सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण करने तथा आगणन की विशेषताओं के अनुरूप कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने राम पथ के निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं के सम्बंध में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंह को पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए तथा अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्माणाधीन रामपथ में भूमिगत विद्युत केबलों के शिफ्टिंग के कार्यो में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का सहयोग करने के निर्देश दिए। इस दौरान मार्गों के निर्माण हेतु सामग्रियों की उपलब्धता आदि की भी समीक्षा की तथा सप्ताह में दो बार प्रत्येक कार्य के प्रगति की समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने कम से कम 2 शिफ्टों में कार्य करवाने के निर्देश दिए तथा भक्ति पथ में दिन में श्रद्धालुओं के अधिक आवक के कारण दिन की अपेक्षा रात में अधिक मानव संसाधन लगाकर कार्य की प्रगति में और तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंह अपर जिलाधिकारी नगर श्री सलिल पटेल अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री महेंद्र कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सहित सभी अधिशासी अभियंता एवम अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रुदौली विधायक साथी भाजपा नेता समर्थकों के साथ आजाद समाज पार्टी में हुए शामिल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या। रुदौली विधायक के करीबी भाजपा नेता पूर्व ब्लॉक प्रमुख कमलेश यादव अपने समर्थकों के साथ आजाद समाज पार्टी में हुए शामिल। सोशल मीडिया पर तरह तरह के अफवाहों का बाजार गर्म कोई कहता है विधायक के सह पर हुए शामिल तो कोई कहता है आपसी मनमुटाव के चलते हुए शामिल। अब सवाल यहां यह उठता है जो हमेशा भाजपा विधायक रुदौली राम चंद्र यादव के साथ साए की तरह साथ रहते है वह आखिर पार्टी से बगावत कर भाजपा को बड़ा नुकसान पहुंचाने के लिए हुए शामिल शीर्ष नेतृत्व के लिए यह विचारणीय प्रश्न है आखिर उनके बिना सह के कैसे हुए शामिल और शामिल होने के बाद भी लगातार वह भाजपा नेता के साथ देखे जा रहे है तो इसमें आखिर क्या रणनीति है कहीं भाजपा से भीतरघात करने की बड़ी साजिश तो नही। गौरतलब है पिछली लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पूर्व ब्लॉक प्रमुख कमलेश यादव भाजपा छोड़ सपा में हुए थे शामिल और किया था समाजवादी पार्टी का जमकर प्रचार प्रसार लोकसभा चुनाव के ठीक बाद ये पुनः भाजपा में शामिल होकर लगातार भाजपा विधायक रामचंद्र यादव के साथ हर एक छोटे बड़े कार्यक्रमों में देखे जाने लगे। और इसबार भी जहां लोकसभा चुनाव सर पर है उसके पहले ही यह बड़ा निर्णय लिया गया है कहीं इसमें बड़ी साजिश तो नही। वहीं कमलेश यादव इसके पहले बीते पंचायत चुनाव में भाजपा के बैनर तले मिल्कीपुर से जिलापंचायत चुनाव भी लड़ चुके है और इसबार निकाय चुनाव के समय भाजपा विधायक के साथ फोटो बैनर लगाकर कुमारगंज नगर पंचायत से टिकट भी मांगते हुए नजर आ रहे थे वहीं दूसरी ओर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा किसी भी जनप्रतिनिधि के सगे संबंधियों को टिकट न देने से साफ साफ इंकार कर दिया गया है कहीं उससे खफा होकर तो यह निर्णय नहीं लिया गया है। अगर ऐसा किया गया है तो शीर्ष नेतृत्व को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिफ्त होने को लेकर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

# कांग्रेस विधायक व जनपद प्रभारी वीरेंद्र चौधरी ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर उठाया सवाल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या। महापौर के टिकट को लेकर मंथन करने पहुंचे कांग्रेस विधायक व जनपद प्रभारी वीरेंद्र चौधरी ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर उठाया सवाल, कहा 3 दिन पहले प्रयागराज में हुआ नंगा नाच, प्रेस से बात करते समय पुलिस की कस्टडी में अपराधियों ने अतीक अहमद व अशरफ अहमद की हत्या कर दी, इससे खराब कानून व्यवस्था का और क्या उदाहरण हो सकता है, इस प्रदेश में कानून व्यवस्था खत्म हो चुकी है, यहां पर माफियाओं और गुंडों का राज है, अयोध्या नगर निगम के महापौर के टिकट पर बोले वीरेंद्र चौधरी, कहा 4 लोगों ने किया है आवेदन, पार्टी हाईकमान को अवगत करा कर जल्द से जल्द टिकट की होगी घोषणा, महापौर के टिकट के मंथन को लेकर अयोध्या प्रभारी विधायक वीरेंद्र चौधरी व पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल पहुंचे थे अयोध्या, कमला नेहरू भवन में हुई बैठक, बैठक में जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव, महानगर अध्यक्ष वेद कमल, पीसीसी मेंबर राजेंद्र सिंह, प्रमिला राजपूत व अन्य नेता कार्यकर्ता रहे मौजूद।

# नवागत संयुक्त शिक्षा निदेशक से मिला उत्तर प्रदेश
## माध्यमिक शिक्षक संघ अयोध्या का प्रतिनिधिमंडल : दी बधाई

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ अयोध्या का एक प्रतिनिधिमंडल मंडलीय अध्यक्ष राम अनुज तिवारी, जिला मंत्री आलोक तिवारी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष तथा मीडिया प्रभारी संजीव चतुर्वेदी,की अगुवाई मे नवागत संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल अयोध्या मनोज दिवेदी से मिलकर उनके नये कार्यकाल के बधाई तथा शुभकामनाये दी। नवागत संयुक्त शिक्षा निदेशक श्री द्विवेदी ने संगठन के नेताओ को आश्वस्त किया कि जो भी संगठन की जायज मांगे होगी उसका तत्काल निस्तारण किया जायेगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बिनोद मिश्रा, महानगर अध्यक्ष अनूप पांडेय, विनीत मिश्र, सुनील दूवे आदि उपस्थित रहे।

# हाइड्रोसेफलस नामक बीमारी से ग्रसित बच्ची का आपरेशन हुआ सफल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या। जनपद के कैंट थाना क्षेत्र स्थित अब्बू सराय मोहल्ला निवासी चार माह की बच्ची को नया जीवन मिला है। डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ के विशेषज्ञों ने उसका सफल आपरेशन किया है। यह सब हो पाया राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत। सफल आपरेशन के बाद जन्मजात इड्रोसेफलस नामक बीमारी से ग्रसित बच्ची के अभिभावक खुश हैं। साथ ही बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों ने हर्ष जताया है। बताया गया कि दिसंबर माह में अब्बूसराय निवासी मुबीन अहमद के यहां जिला महिला अस्पताल में एक पुत्री का जन्म हुआ। बच्ची के जन्म के बाद चिकित्स्कों ने उसके हावभाव और शरीर की बनावट का परीक्षण किया तो पता चला कि नवजात बच्ची का सर अपेक्षाकृत बड़ा है,इसके बाद डाक्टरों ने हायर सेंटर में बच्ची का परीक्षण कराने का सुझाव दिया। परिवार ने उसका डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ में परीक्षण कराया तो पता चला कि बच्ची हाइड्रोसेफलस नामक बीमारी से ग्रसित है। परिवार ने उपचार का खर्चा पूंछा तो पता चला कि इसके आपरेशन–उपचार आदि में डेढ़ से ढाई लाख रूपये का खर्चा आ सकता है। परिवार ने अपनी आर्थिक हालत का हवाला दिया तो चिकित्सक ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत निशुल्क उपचार के लिए अपने जिले में संपर्क की बात कही। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रबंधक डा हम्माद का कहना कि परिवार ने आरबीएसके की सीएचसी मसौधा टीम से सम्पर्क किया तो मामले की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा को दी गई और तत्काल बच्ची को आपरेशन और उपचार के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ भेजवाया गया। जहां चिकत्सकों ने मंगलवार को सफल आपरेशन कर बच्ची के दिमाग से द्रव्य निकल दिया। उनका कहना है कि किसी भी प्रकार की जन्मजात विकृति दिखाई पड़ने पर अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम के साथ–साथ अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक से सपर्क कर इस सुविधा का लाभ हासिल कर सकता है। क्या है हाइड्रोसेफलस अर्थात जलशीर्ष इस बीमारी के पीड़ित के दिमाग की गहराई के छेदों में तरल पदार्थ जमा हो जाता है। मस्तिष्क की कैविटीज में तरल पदार्थ भरने के चलते अतिरिक्त तरल पदार्थ वेंट्रिकल्स के आकार को बढ़ा देता है और मस्तिष्क पर दबाव डालता है। द्रव जब अधिक प्रेशर के साथ बहता है तो ये ब्रेन के टिशू को डैमेज करता है। यह बीमारी ज्यादातर बच्चों और बुजुर्गों में ज्यादा देखी जाती है। ज़्यादा पानी दिमाग पर असर करता है और उसे नुक्सान पहुंचा सकता है। नवजात शिशु का सिर बड़ा होना दिमाग में पानी भरने का आम लक्षण है। इसके प्रभाव से थोड़े बड़े बच्चों और बड़ों को सिर दर्द, नजर का धुंधलापन, बुद्धि–सम्बन्धी मुश्किल,तालमेल करने में मुश्किल और बार–बार पेशाब की शिकायत पेश आती है। इलाज के लिए अक्सर ऑपरेशन करके एक ट्यूब (शंट) निलय में डाली जाती है जिससे अतिरिक्त तरल पदार्थ बहार निकाल दिया जाता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर एंड स्ट्रोक (एनआईएनडीएस) का अनुमान है कि प्रत्येक 1,000 शिशुओं में से 1 से 2 बच्चे हाइड्रोसेफालस के साथ पैदा होते हैं।

# रेलवे ट्रेक पर लगी हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर अज्ञात युवक की मौत : पुलिस करवा रही शिनाख्त

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रुदौली–अयोध्या। लखनऊ अयोध्या रेल मार्ग पर रुदौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जसमड जहानपुर के ओएचई पोल किलोमीटर 1006/16 के समीप ट्रैक पर लगी 25 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर एक अज्ञात युवक की मौत हो जिसकी पहचान अभी तक नही हो सकी है हालांकि पुलिस व रेलवे पुलिस मृतक की शिनाख्त करवाने में जुटी हुई है। घटना मंगलवार की बताई जा रही है बताया जा रहा है युवक बिजली का तार काटने की नीयत से खम्बे पर चढ़ा था और करेंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गयी मौके से पुलिस को तार काटने वाली आरी भी बरामद हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे रूदौली आरपीएफ चौकी प्रभारी शिवानंद यादव व कोतवाली रूदौली के दरोगा इशहाक खान ने शव को कब्जे में लिया और अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी। कोतवाली रूदौली के उपनिरीक्षक इशहाक खान ने बताया कि युवक चोरी की नीयत से तार काटने खम्बे पर चढ़ा था और हाईवोल्टेज बिजली की चपेट में आकर उसकी मौत हो गयी मौके से तार काटने की आरी भी बरामद की गई है। बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। मृतक की अभी पहचान नही हो पाई है मृतक की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं आरपीएफ चौकी प्रभारी शिवानन्द यादव व दरोगा इशहाक खान ने क्षेत्रीय लोगों से युवक की शिनाख्त करवाने में सहयोग करने की अपील की है। संपर्क सूत्र–9935602065 शिवानन्द यादव RPF चौकी प्रभारी रूदौली, 8858240574 इशहाक खान उपनिरीक्षक कोतवाली रूदौली।

# कृषि में सहकारिता से आएगी समृद्धि–सहायक निदेशक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मिल्कीपुर अयोध्या। केंद्र सरकार ने 10,000 एफपीओ स्कीम के तहत पूरे देश में दस हजार एफपीओ बनाने का लक्ष्य्य रखा है, और इसके लिए विभिन्न सरकारी एवं गैरसरकारी संगठनों द्वारा किसान उत्पादक संगठन का समवर्धन किया जा रहा है। जनपद में भी भारत सरकार के इस स्कीम के अंतर्गत सभी विकास खंड में एक एक एफपीओ बनाए गये हैं और जिसे राज्य एवं केंद्र के विभिन्न विभागों द्वारा सहयोग एवं मार्गदर्शन किया जा रहा है। दो दिन के अयोध्या दौरे पर आए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के सहायक निदेशक संजीव मिश्रा ने बताया कि कृषि में सहकारिता से समृद्धि आएगी और किसान उत्पादक संगठन से जुड़कर किसान आत्मनिर्भर होंगे और उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में भी बदलाव आएगा। संजीव मिश्रा द्वारा जनपद के 4 विकास खंड– मवई, मिल्कीपुर, तारुन एवं मया बजार मसौधा एफपीओ का निरीक्षण किया गया और एफपीओ के निदेशक मंडल एवं कार्यकर्ताओं को एफपीओ के कुशल प्रबंधन हेतु सुझाव दिया गया। कौशल्या फाउंडेशन द्वारा किसानों को जागरूक कर किसान उत्पादक संगठन बनाया गया है।इस फाउंडेशन द्वारा जनपद के 6 एफपीओ में कुल 1800 किसान जुड़े हैं। तारुन विकास खंड के एफपीओ को राज्य के कृषि विभाग के तरफ से फार्म मशीनरी बैंक भी प्रदान किया गया है जिससे क्षेत्र के किसान काफी लाभान्वित हो रहे हैं। फाउंडेशन के मैंनेजिंग ट्रस्टी कौशलेंद्र ने बताया कि वित्तीय लाभ और तकनीकी सहायता के लिए योजना के तहत पात्र होने के लिए एफपीओ को कंपनी कानून, 2013 या राज्य सहकारी समिति कानून के तहत पंजीकृत होना आवश्यक है, जिसमें मैदानी क्षेत्रों में न्यूनतम 300 किसान होना आवश्यक है। एफपीओ द्वारा किसानों के खेतों या फार्म गेट से ही उपज की बिक्री को बढ़ावा देगा है, जिससे किसानों को बेहतर आय प्राप्त होगी। तथा ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करेगा। एवं किसान एक विशाल संगठन के सदस्य होंगे।मार्केट लिंकेज हेतु भारत सरकार के ई–नाम पोर्टल से एफपीओ को जोड़ा जाएगा जो कि अच्छी गुणवत्ता पूर्ण साफ सुथरा उत्पाद हेतु किसानों को जागरूक करेंगी। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के अधिकारी सूरज ,कौशल्या फाउंडेशन के अविनाश सुशील मिश्रा सभी एफपीओ के अध्यक्ष एवं निदेशक एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया सीएचसी का निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या।जनपद में चिकित्सा एवम स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर व जनमुखी बनाने के दृष्टिगत अपने नियमित सघन भ्रमण के तहत आज दिनांक 19 अप्रैल 2023 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने सीएचसी पूरा बाजार का भ्रमण किया गया। सीएससी/पीएचसी पर मरीजों को बेहतर इलाज, दवाओं और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और स्टाफ के व्यवहार की जानकारी ली मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनता को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता के लिए सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षकों, हॉस्पिटल में तैनात चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ कि समय से उपस्थिति दवाओं की पर्याप्त मात्रा की उपलब्धता सभी उपलब्ध लैब जांच सेवाएं, प्रसव सेवाएं, परामर्श सेवाएं एवं इमरजेंसी सेवाएं दुरुस्त रखने और इलाज के लिए आने वाले सभी मरीजों को एक समान रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षकों को यह भी निर्देश दिया कि आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जो भी शिकायत हो उसे सुने और उसका निस्तारण भी सुनिश्चित करें जिससे आमजन में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति किसी भी प्रकार की नकारात्मक छवि ना बने और अस्पताल में आए मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई शिकायत और कष्ट ना हो। सीएचसी पूरा बाजार भ्रमण के दौरान प्रिंस कुमार सिंह वार्ड ब्वॉय, साधना सिंह वार्ड आया, सुरेश प्रताप सिंह वार्ड ब्वॉय, वंदना, शकुमारी गायत्री स्टॉफ नर्स, डाव बबिता, डॉ दीप्ति सिंह आदि अनुपस्थित पाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इस अनुपस्थिति को लेकर कड़ी नाराजगी जताई और चिकित्सा अधीक्षक को अनुपस्थित स्टॉफ का स्पष्टीकरण लेने के साथ साथ यदि कोई चिकित्सक या स्टॉफ बिना अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित पाए जाए तो तत्काल स्पष्टिकरण प्राप्त करते हुए यथोचित कार्यवाही की जाए। अधीक्षक यह अवश्य सुनिश्चित करे कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को तत्काल समुचित उपचार मिले। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने वर्तमान में कोविड संक्रमण को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा जांच कराए जाने के निर्देश के साथ साथ ऐसे सभी मरीज जिनमें कोविड जैसे लक्षण दिखाई दें तो उनकी तत्काल जांच कराते हुए आवश्यक दवा उपलब्ध कराएं साथ ही उनका फॉलोअप भी करें।

# पार्षद प्रत्याशी प्रत्याशियों की सूची जारी : अयोध्या से इंजीनियर कुलभूषण साहू बने आप मेयर प्रत्याशी

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में होने वाले निकाय चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात, बिजली–पानी के मॉडल को लेकर उत्तर प्रदेश की जनता के मध्य मजबूत दावेदारी पेश कर रही है. आम आदमी पार्टी यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह ने ट्वीट कर अयोध्या नगर निगम के लिए मेयर प्रत्याशी इंजीनियर कुलभूषण साहू को घोषित किया वहीं पार्षद प्रत्याशियों की सूची कुछ इस प्रकार है. कृष्णा नगर वार्ड 11 से मोहम्मद फहीम, सरदार पटेल नगर वार्ड 23 से शिव कुमारी वर्मा, नानक पुरा वार्ड 58 से वंदना यादव, झारखंडी वार्ड 45 से गायत्री मिश्रा, शिवाजी नगर वार्ड 50 से रितु गुप्ता, मनीराम दास छावनी वार्ड 55 से गुड़िया रानी, विवेकानंद वार्ड 7 से इकबाल इदरीसी, अभीरामदास वार्ड 1 से मोहम्मद आसिफ, पुरुषोत्तम नगर वार्ड 2 से कुसुम देवी, वशिष्ट कुंड वार्ड 8 से अंजली यादव, आचार्य नरेंद्र देव वार्ड 13 से विवेक कुमार वर्मा, सावरकर नगर वार्ड 15 से सिराज अहमद, हनुमान कुंड वार्ड 21 से कलावती, देवकली वार्ड 31 से समीर मिश्रा, रामकोट वार्ड 45 से संगीता गुप्ता, आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार प्रजापति ने बताया की आम आदमी पार्टी को जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त है. पिछले कुछ समय में आम आदमी पार्टी ने अपने अभियानों के अंतर्गत जनसमर्थन प्राप्त कर अरविंद केजरीवाल के मॉडल को घर–घर पहुंचाया है. आम आदमी पार्टी ने शिक्षित जुझारू और ईमानदार लोगों को निकाय चुनाव में टिकट दिया है और प्रत्याशियों ने जनता के मध्य बिजली, पानी, सफाई, कूड़ा, गंदगी जैसी तमाम चीजों से जनता को अवगत कराया है और विश्वास दिलाया है कि अगर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी को जनता चुनती है तो यूपी की जनता को दिल्ली और पंजाब जैसा मॉडल देखने को मिलेगा। जिला अध्यक्ष अनिल कुमार प्रजापति ने कहा कि आम आदमी पार्टी बची हुई सीटों पर अपने उम्मीदवारों का नाम जल्द ऐलान करेगी। मौके पर उपस्थित नगर पंचायत प्रभारी जुल्फिकार आलम मोहित महाराज आसिफ सिद्दीकी शारजाह मास्टर आदि लोग उपस्थित थे।

## सीडीओ के निर्देश पर जनपद में आवारा जानवरो को पकड़ने का चला अभियान

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। मुख्य विकास अधिकारी, श्रीमती अनिता यादव के निर्देशन में जनपद के समस्त विकास खंडों में छुट्टा पशुवों को पकड़कर गोवंश आश्रय स्थल में पहुँचाने हेतु व्यापक रूप से वृहद स्तर पर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विकास खण्ड मया बाजार 51, विकास खण्ड मसौधा 42, विकास खण्ड मवई 36, विकास खण्ड बीकापुर 25, विकास खण्ड रूदौली 63, विकास खण्ड अमानीगंज 23, विकास खण्ड सोहावल 61, विकास खण्ड हैरिंग्टनगंज 22, विकास खण्ड तारून 15, तथा विकास खण्ड मिल्कीपुर 56 कुल 421 छुट्टा पशुओ को पकड़ा गया।इस प्रकार जनपद अयोध्या में अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 421 छुट्टा गोवंश पकड़े गये, जिन्हें नजदीकी गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित कराया गया।

## कंपोजिट विद्यालय ओरवा के दो छात्रों ने पास की छात्रवृत्ति परीक्षा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय ओरवा के 2 छात्रों ने बाजी मारी है। छात्रों की सफलता से विद्यालय के शिक्षकों सहित परिजनों में खुशी है। घोषित परिणाम में विद्यालय में कक्षा 8 में अध्ययनरत वैशाली ने जिले में 17 वीं रैंक व रोहित ने 29 वीं रैंक प्राप्त की है। ओरवा निवासी वैशाली के पिता अनूप मिश्रा तथा रोहित के पिता मनोज कुमार पेशे से किसान है। परीक्षा पास करने वाले मेधावियों को आगे की पढ़ाई के लिए चार साल तक प्रतिमाह एक हजार रुपये छात्रवृत्ति मिलेगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बंशीधर द्विवेदी व शिक्षक उद्धवश्याम, ज्ञानधर दुबे ने परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को शुभकामनाएं दी है।

# शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कुलपति से की औपचारिक भेट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में पूर्वाह्न आवासीय शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल से औपचारिक भेट की। इसमें आवासीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ0 संग्राम सिंह, महामंत्री डॉ0 राना रोहित सिंह, संयुक्तमंत्री डॉ0 मणिकांत त्रिपाठी, इंजीनियर अमित सिंह, उपमंत्री डॉ0 वन्दिता पाण्डेय, कोषाध्यक्ष डॉ0 डीएन वर्मा व शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी डॉ0 अभिषेक कुमार सिंह शामिल रहे। इसमें शिक्षक संघ की ओर सर्वप्रथम कुलपति प्रो0 गोयल का अंगवस्त्रम व बुके भेटकर स्वागत किया गया। मौके पर कुलपति ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि परिसर की शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने में सहयोग करें। इसमें सभी पदाधिकारियों के साथ शिक्षकों की महती भूमिका होगी। सभी पदाधिकारी विद्यार्थियों के बेहतरी के लिए प्रयास करें। इस औपचारिक भेट में शिक्षक संघ की ओर से कुलपति प्रो0 गोयल को आश्वस्त किया गया कि विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए शिक्षक संघ कार्य करेगा। इस अवसर पर कुलसचिव उमानाथ सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद अयोध्या में तेज धूप के साथ पारा पहुंचा 44 डिग्री

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या में पारा 44 के पास पहुंच गया है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अनुसार दिन में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पार कर सकता है। राम नगरी समेत पूरे जनपद में सुबह से ही तेज धूप निकली हुई है। बदलते मौसम और हीट स्ट्रोक और लू चलने के कारण अयोध्या में परिषदीय स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया गया है। लेकिन प्राइवेट स्कूलों में अभी समय बदलाव नही किया गया है। प्रबन्धको ने बताया कि ऐसा कोई आदेश नही मिला है। अभिभावकों ने डीएम से प्राइवेट स्कूलों का समय परिवर्तन की मांग की है।

## माता सीता की धरती नेपाल में पहली बार प्रांतीय ब्रांड अम्बेसडर बने डॉ. ताराचंद 'तन्हा'

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या राम नगरी माता सीता की धरती नेपाल में पहली बार ऐतिहासिक रूप में दिनांक 25 मई 2023 को आयोजित किए जाने वाले ''विश्व प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह 2023 (World talent international award^s winners progarm) के लिए भगवान श्रीराम की धरती अयोध्या से सुप्रसिद्ध हास्य कवि डॉ. ताराचंद 'तन्हा' के द्वारा किए गए उल्लेखनीय साहित्यिक योगदान का मूल्यांकन करते हुए WTI AF NEPAL संस्थान की ओर से उक्त विश्व स्तरीय गौरवशाली सम्मान के लिए चयनित किया गया है और उक्त ऐतिहासिक कार्यक्रम में डॉ. 'तन्हा' को प्रांतीय ब्रांड अम्बेसडर उत्तर प्रदेश नियुक्त किया है।

## फंदे के सहारे आम के पेड़ से झूलती मिली प्रेमी युगल की लाश : देख ग्रामीण हो गये भौचक्का



अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।रसूलाबाद अयोध्या महराजगंज थाना क्षेत्र के ऐमी आलापुर गांव पंचायत निवासी स्वजातीय प्रेमी युगल जोड़े की गुरुवार की प्रातः गांव के बाहर आम के पेड़ से फंदे के सहारे झूलती मिली लाश से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। प्रातः शौच को निकले लोगो ने एक साथ युवक व युवती की झूलती लाश देख भौचक रह गये। घटना की जानकारी जैसी ही गांव सहित क्षेत्र के लोगो को हुई तो देखते ही देखते आग की तरह फैल गयी और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इक्कठा हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार ऐमी दूबान निवासी बरसाती निषाद की बेटी का साकलदीपी ऐमी अलापुर निवासी गुरुमिलन निषाद के बेटे जितेंद्र निषाद का सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़की के परिजनों की शिकायत पर इसके पहले जितेंद्र निषाद को इस मामले में दिल्ली पुलिस जेल भेज चुकी थी।जो कुछ दिन पहले जेल से छूट कर घर आया था। गुरुवार को गांव के बाहर एक साथ दोनों प्रेमी युगल जोड़े की लाश झूलती देख क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुँची मुकामी पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया। गांव के कुछ लोग लड़की को बालिग व कुछ नाबालिक बता रहे है।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।